>

Title: Need to convert railway line from Chhapra to Thave via Masrakh-Gopalganj in Bihar into broadgauge and augment railway services in Gopalganj Parliamentary Constituency.

श्री पूर्णमासी राम (गोपालगंज): पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर वाया गोपालगंज छपरा रेल खण्ड के छपरा से थावे वाया मसरख गोपालगंज रेल लाईन का बड़ी लाइन में परिवर्तन वर्षों से स्वीकृत होकर लंबित पड़ा है क्योंकि इस जनोपयोगी योजना के लिए धनराशि मुहैया नहीं की गई। इस योजना के लंबित होने से गोपालगंज जिला मुख्यालय होने के बावजूद बड़ी लाइन से वंचित है साथ ही एक्सप्रेस, सुपरफास्ट गाड़ियों से भी वंचित है जबकि रेल मंत्रालय द्वारा पिछले वर्ष ही गाड़ी संख्या 15203/15204 (लखनऊ बरौनी एक्सप्रेस) एवं गोरखपुर-आसनसोल एक्सप्रेस को थावे होते हुए चलाने की घोषणा की जा चुकी है। गोपालगंज जिला अंतर्गत बनारस मंडल के जलालपुर स्टेशन पर पूर्व से ही ट्रैक प्वाईंट था परंतु बीच में बंद कर दिया गया जिस कारण व्यापारिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण इस इलाके के लोगों को काफी क्षति उठानी पड़ रही है।

मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करना चाहूंगा कि पूर्वोत्तर रेलवे के उक्त रेल खंड पर पूर्व से स्वीकृत छपरा से थावे वाया मसरख-गोपालगंज का आमान परिवर्तन शीघ्र कराया जाए एवं साथ ही सुपरफास्ट गाड़ी 12566/12565 (बिहार संपर्क क्रांति) को जनहित में सिवान वाया थावे गोरखपुर होकर चलाया जाए एवं थावे में उसकी ठहराव सुनिश्चित कराया जाए। पूर्वांचल एक्सप्रेस (15048/15047) गोरखपुर वाया थावे सिवान होते हुए कोलकात्ता तक और फिर कोलकाता से सिवान वाया थावे होते हुए गोरखपुर तक सप्ताह में एक दिन थावे होकर तथा थावे में ठहराव सुनिश्चित कराया जाए। गोरखपुर-आसनसोल एक्सप्रेस को गोरखपुर वाया थावे सिवान होते हुए आसनसोल और फिर आसनसोल से सिवान वाया थावे होते हुए गोरखपुर तक एवं थावे में ठहराव। लखनऊ-बरौनी एक्सप्रे (15203/15204) को लखनऊ से गोरखपुर वाया थावे सिवान होते हुए बरौनी तक एवं बरौनी से सिवान वाया थावे लखनऊ तक एवं थावे में ठहराव सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही जलालपुर रेलवे स्टेशन पर बंद ट्रैक प्वाइंट को शीघ्र चालू कराया जाए।